
PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Navbharat Times, Delhi**
**Tuesday 1st April 2014, Page: 5**
**Width: 20.36 cms, Height: 14.01 cms, a4r, Ref: pmin.2014-04-01.36.23**








# बुखार में लें नमो और रागा टैब्लेट

## चुनाव को ध्यान में रखते हुए लॉन्च की हैं ऐसी दवाएं

■ राहुल आनंद, नई दिल्ली

**अब अगर** आपको बुखार या दर्द हो तो आप 'नमो' या 'रागा' टैब्लेट खा सकते हैं। एक फार्मा कंपनी ने नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के नाम को दवा के साथ जोड़ कर इस टैब्लेट को बाजार में उतारा है। अब ये दोनों दवा जेनेरिक फार्म में बाजार में खूब बिक रही हैं। कंपनी का कहना है कि इस बार चुनाव में इन दोनों नेताओं का ब्रांड वैल्यू सबसे ज्यादा है इसलिए हमने उनके वैल्यू का फायदा उठाने के लिए दवा लॉन्च की है। यह जेनेरिक मेडिसन के रूप में बाजार में उतारी गई दोनों दवा के अब तक 20-20 लाख सैंपल बिक चुके हैं।

नमो टैब्लेट का कंपोजीशन निमोसुलाइड और पैरासिटामोल है। निमोसुलाइड और पैरासिटामोल बुखार व दर्द में दी जाती है। जबकि रागाफ्लैम का कंपोजीशन डीक्लोफेनेक पोटेशियम और पैरासिटामोल है। यह दवा भी बुखार और दर्द में कारगर है। इन दो दवा के अलावा कंपनी ने दर्द और सूजन



के लिए नमोनी जेल भी बाजार में लॉन्च किया है। अब तक यह दवा दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम में बिक रही हैं।

> दवा के अलावा कंपनी ने सूजन के लिए नमोनी जैल भी बाजार में उतारा है

आईसीआई हेल्थ केयर के डायरेक्टर नवीन जैन ने बताया कि फार्मा कंपनी में ऐसा पहली बार हुआ है जब नेताओं के ब्रांड वैल्यू को दवा के नाम से बाजार में उतारा गया हो। उन्होंने कहा कि आज ये दोनों नेता देश के सबसे बड़े नाम हैं और इन दोनों का बाजार में हमने अपने तरीके से यूज किया।

वहीं ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी तेजी से दोनों दवाओं की डिमांड बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इन दवाओं की डिमांड इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि हम इसको पूरा भी नहीं कर पा रहे हैं। नवीन का कहना है कंपनी हमेशा कैची नाम को अपना ब्रांड बनाती है।